राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज़ शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: cce_raj@yahoo.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांकः एफ.12 (156) विविध/आयो/आकशि/17/2053 Date: 18 Sept. 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः राजकीय महाविद्यालयों में दिवाली से पूर्व white wash एवं साफ़ सफाई करवाने के सम्बन्ध में **स्वस्थ -स्वच्छ - सुन्दर परिसर कार्यक्रम** आरम्भ करवाने बाबत ।

सदर्भ : आयुक्तालय पत्रांक 3486, दिनांक 13 मई, 2019 के क्रम में ।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा सभी राजकीय महाविद्यालयों में स्वस्थ, अकादमिक मित्रवत तथा गरिमायुक्त वातावरण बनाने के सम्बन्ध में निर्देशित/आह्वान किया गया था। आशा है आप द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के सार्थक प्रयास किये गए होंगे। मानसून सत्र बीत चुका है साथ ही दीपावली के आगमन की तैयारियां भी प्रारंभ हो गयी हैं या होने वाली हैं । अतः इस समय हम अपने घर के साथ-साथ महाविद्यालय भवन को भी सौन्द्रययुक्त/ साफ सुथरा / गरिमायुक्त बनाने की पहल करें।

इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए मैं मानता हूँ कि **सभी राजकीय महाविद्यालयों में मानसून उपरांत रंग रोगन करवाया जाना चाहिए ताकि उनका सौन्दर्य निखार हो और अपनी संस्थाए सुखद अहसास के साथ वहां आने वाले सभी जनों के स्वागत के लिए तैयार हों ।** इसके लिए सभी राजकीय महाविद्यालयों के लिए **स्वस्थ -स्वच्छ - सुन्दर परिसर कार्यक्रम** आरम्भ कर रहे हैं । अतः **सभी महाविद्यालय** इस कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए **दीपावली पूर्व साफ़ सफाई सहित रंग-रोगन कार्य करवाएं ।** जिन महाविद्यालयों के पुराने भवन हैं, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं उनकी भी मरम्मत करवाते हुए उनका रंग-रोगन कार्य करवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही **सभी महाविद्यालय रंग-रोगन कार्य करवाने से पूर्व एवं पश्चात् के फोटोग्राफ्स भी आयुक्तालय में आयोजना शाखा को प्रेषित करें ।**

इस white wash एवं मरम्मत को महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध वित्तीय संसाधनों यथा महाविद्यालय विकास समिति अथवा अन्य उपयुक्त मद से नियमानुसार व्यय करते हुए करवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान

पत्रांकः एफ.12(156) विविध/आयो/आकशि/17/2053 Date: 18/9/2019

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है–

1. निजी सचिव, श्रीमान शासन सचिव, उच्च शिखा, राजस्थान।
2. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक (आयोजना) इस परियोजना की मॉनिटरिंग करें।
4. सभी सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान इस परियरेजना की अपने संबंधित सम्भाग में प्रगति की मॉनिटरिंग करें एवं संयुक्त निदेशक (आयोजना) को सूचित करें।
5. सभी प्रभारी अधिकारी,, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर अपने संबंधित महाविद्यालयों में इस आदेश की कियान्विति की मॉनिटरिंग करें।
6. वैब प्रभारी को आकाशि की वैबसाइट पर अपलोड/संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त, कॉलेज शिक्षा,